# 28 साल बाद स्पेनिश डिफेंडर का रिकॉर्ड

**22** वां मिनट : मिकेल ने पेनल्टी पर गोल कर स्पेन को बढ़त दिलाई

**58** वां मिनट : पोरो ने दानी ओल्मो के पास पर गोल किया

**86** वां मिनट : एमबाप्पे को फाउल के लिए पीला कार्ड मिला

**58** वें मिनट में पोरो का गोल, फ्रांस की वापसी लगभग असंभव



**आर्लिंगटन (टेक्सास), 15 जुलाई पेड्रो पोरो के दूसरे हाफ में किये गये अहम गोल की बदौलत स्पेन ने मंगलवार को स्टार खिलाड़ियों वाली फ्रांस को 2-0 से हराकर फीफा विश्व कप फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. एटीएंडटी स्टेडियम में खेले गये पहले सेमीफाइनल में स्पेनिश राइट-बैक पूरे मैच में छाए रहे. उन्होंने डिफेंस में मजबूती और अटैक में आक्रामकता का बेहतरीन तालमेल बिठाया और 'ला रोजा' (स्पेनिश टीम) को खिताबी मुकाबले तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. कप्तान मिकेल ओयारजाबल के पेनल्टी स्पॉट से शुरुआती बढ़त दिलाने के बाद, पोरो के 58वें मिनट के गोल ने जीत लगभग पक्की कर दी.**

स्पेन ने शुरुआत से ही गेम पर अपना नियंत्रण बनाए रखा और 22वें मिनट में उन्हें इसका फायदा मिला. फ्रांस द्वारा स्पॉट-किक दिए जाने के बाद ओयारजाबल ने शांति से पेनल्टी को गोल में बदला. इस गोल ने लुइस डे ला फुएंते की टीम का आत्मविश्वास बढ़ाया और उन्होंने अपने शानदार पासिंग और अनुशासित प्रेसिंग के दम पर खेल की गति को नियंत्रित करना जारी रखा. ओयारजाबल ने गोल की शुरुआत की, लेकिन पोरो ने स्पेन के दबदबे को बखूबी दिखाया. टोटेनहम हॉटस्पर के डिफेंडर बार-बार राइट फ्लैंक से आगे बढ़े, अटैक के लिए जगह बनाई और साथ ही फ्रांस के खतरनाक फॉरवर्ड्स के खिलाफ डिफेंस में भी मजबूती बनाए रखी. उनके खेल का निर्णायक पल दूसरे हाफ के 13वें मिनट में आया. दानी ओल्मो ने आगे बढ़ रहे पोरो को एक सटीक पास दिया. पोरो ने अपनी दौड़ का सही समय चुना और शांति से गोलकीपर माइक मैगनन को छकाते हुए गोल कर दिया, जिससे स्पेन की बढ़त दोगुनी हो गई और फ्रांस के लिए वापसी करना मुश्किल हो गया.


इस गोल का ऐतिहासिक महत्व भी था; पोरो फर्नांडो हिएरो के बाद एक ही फीफा विश्व कप में कई गोल करने वाले दूसरे स्पेनिश डिफेंडर बन गए. काइलियन एमबापे, उस्मान डेम्बेले और माइकल ओलिस जैसे स्टार अटैकर्स के बावजूद फ्रांस की टीम स्पेन के संगठित डिफेंस को भेदने में संघर्ष करती दिखी. एमबापे ने कुछ अच्छे पल दिखाए लेकिन अनुशासित स्पेनिश रक्षापंक्ति के सामने उन्हें ज्यादा जगह नहीं मिली, जबकि डेम्बेले पूरे मैच के दौरान लगभग शांत ही रहे.

## एमबापे ने टीम मैनेजर दिदिएर डेसचैम्प्स की रणनीति की आलोचना की



**आर्लिंगटन, टेक्सास.** स्टार फुटबॉल खिलाड़ी एमबापे ने फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में मंगलवार को स्पेन से फ्रांस की 2-0 से हार के बाद अपनी टीम मैनेजर दिदिएर डेसचैम्प्स के दृष्टिकोण और रणनीति की आलोचना की. मैच के बाद एमबापे ने कहा, 'मिडफील्ड में हम तीन के मुकाबले दो पर थे और स्पेन के खिलाफ खेलना मुश्किल था. फैबियन और रोड्रि को खेलने के लिए काफी समय मिला. प्रेसिंग में तालमेल की कमी थी. मुझे लगता है कि हमें मैन-टू-मैन प्रेसिंग करनी चाहिए थी और उन्हें हमारे साथ दौड़ने के लिए मजबूर करना चाहिए था.' इस परिणाम के कारण फ्रांस का लगातार तीसरा बार विश्वकप के फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया. वही टूर्नामेंट में आठ गोल करने वाले एमबापे इस मैच में गोल नहीं कर पाये और वह गोल्डन बूट की दौड लियोनेल मेसी (आठ गोल) के साथ बराबरी पर है. उन्होंने कहा, 'हमने वो खेल नहीं खेल पाये जो हम खेलना चाहते थे, तकनीकी और रणनीतिक दोनों ही दृष्टि से. जब आप विश्व कप सेमीफाइनल में वो नहीं करते जो आपको करना चाहिए, तो आप जीत नहीं सकते. स्पेन ने उनकी खेल योजना और टीम की सामान्य रणनीति का सम्मान किया. उन्हें गेंद पर नियंत्रण और खेल की गति बनाए रखना पसंद है. हमारी योजना उन्हें आगे से दबाव में खेलने की थी ताकि वे अपनी लय न बना सकें. खेल को नियंत्रित करने में वे हमसे बेहतर हैं. हम ऐसा नहीं कर पाए. तकनीकी रूप से हम बहुत लापरवाह थे. जब हम उन्हें नुकसान पहुंचा सकते थे, तब हम ऐसा नहीं कर पाए.' उन्होंने कहा, 'जब हमने गेंद वापस हासिल की, तब भी हमारे पहले टच अच्छे नहीं थे. इसी वजह से हार मिली. यह बहुत निराशाजनक है. लेकिन अगर हम निष्पक्ष होकर देखें, तो फाइनल में पहुंचने के लिए हमारे पास सभी जरूरी चीजें मौजूद नहीं थीं.'

## समापन समारोह में विशेष रूप से शामिल होंगे टॉम क्रूज़



**न्यूयॉर्क.** फीफा वर्ल्ड कप रविवार (19 जुलाई) को खत्म होगा और फाइनल से पहले समापन समारोह होगा। पुरुषों के फुटबॉल फाइनल में स्पेन का मुकाबला इंग्लैंड या अर्जेंटीना से होगा। यह मैच अमेरिका के न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच लोकल समय के अनुसार 15 :00 बजे शुरू होगा, जबकि सेरेमनी 13 :30 पर शुरू होगी। हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज़ मैच से पहले होने वाले इवेंट में खास तौर पर शामिल होंगे, ठीक वैसे ही जैसे वे पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की क्लोजिंग सेरेमनी में शामिल हुए थे। मेजबान देश का राष्ट्रगान जेनिफर हडसन गाएंगी, जिन्होंने एमी, ग्रैमी, ऑस्कर और टोनी अवॉर्ड जीते हैं। रॉबी विलियम्स, निकोल शेरज़िंगर और लॉरा पौसिनी भी परफॉर्म करेंगे, साथ ही स्पोर्ट्स इन्फ्लुएंसर और स्ट्रीमर आईशोस्पीड भी क्लोजिंग सेरेमनी में हिस्सा लेंगे। पुरुषों के वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार फाइनल में हाफ-टाइम शो भी होगा, जिसमें मैडोना, बीटीएस और जस्टिन बीबर जैसे कलाकार स्टेज पर परफॉर्म करेंगे।

## स्पेन ने सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया : डी ला फुएंते



डलास (अमेरिका). स्पेन के कोच लुइस डी ला फुएंते ने कहा कि मंगलवार को वर्ल्ड कप सेमीफ़ाइनल में फ़्रांस पर 2-0 की जीत के साथ उनकी टीम सही समय पर अपने सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म में पहुँची है. इस जीत ने 'ला रोजा' (स्पेन की टीम) को 2010 में ट्रॉफ़ी जीतने के बाद पहली बार फ़ाइनल में पहुँचाया है. डलास में खेले गए इस मैच में स्पेन ने टूर्नामेंट की पसंदीदा टीमों में से एक को हराया. मिकेल ओयारज़ाबल ने 22वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला और पेड्रो पोरो ने एक घंटे का खेल पूरा होने से ठीक पहले दूसरा गोल किया. मैच के बाद डी ला फुएंते ने बताया कि किंग फ़ेलिप VI ने टीम को बधाई देने के लिए ड्रेसिंग रूम में फ़ोन किया था. डी ला फुएंते ने कहा, 'यह गर्व की बात है कि हमारे राजा ने हमें फ़ोन किया और हमारा समर्थन जारी रखा है. सड़कों पर लोग जो खुशी महसूस कर रहे हैं, उसके लिए हम ज़िम्मेदार हैं. खिलाड़ियों की इस पीढ़ी का रवैया बहुत अच्छा है और वे कई मूल्यों के लिए रोल मॉडल हैं.' 65 वर्षीय कोच ने कहा कि यह प्रदर्शन टूर्नामेंट के दौरान धीरे-धीरे लय बनाने की सोची-समझी योजना का नतीजा था. उन्होंने कहा, 'हम एक मैच से दूसरे मैच और एक प्रतियोगिता से दूसरी प्रतियोगिता में लगातार सुधार करते रहे हैं.

## लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी शुरुआती दौर में बाहर हुए

**टोक्यो, 15 जुलाई स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी के बुधवार को जापान ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पहले दौर में हार के साथ ही पुरुष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई.**



ट्रोपॉलिटन जिम्नेजियम में खेले गये मुकाबले में पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन को जापान के दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी कोकी वातानाबे के खिलाफ 21-16, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा. 24 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी को अपनी लय पाने में संघर्ष करना पड़ा; वे दोनों गेम के इंटरवल में 11-6 और 11-5 से पीछे थे और किसी भी गेम में वापसी नहीं कर पाए, जिससे वे सिर्फ़ 38 मिनट में सीधे गेम में मैच हार गए. जापानी शटलर के खिलाफ सात मैचों में लक्ष्य सेन की यह तीसरी हार थी. आयुष शेट्टी ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कड़ी टक्कर दी.

## भारत ने जीते 3 गोल्ड, 10 सिल्वर मेडल

**04** ब्रॉन्ज़ मेडल जीते



**जकार्ता, 15 जुलाई, भारत ने जकार्ता में आयोजित एशियन अंडर-19 और अंडर-23 बॉक्सिंग चैंपियनशिप के महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल पांच गोल्ड, दस सिल्वर और चार ब्रॉन्ज़ मेडल जीते.**

अंडर-19 महिला कैटेगरी में भारत ने दो गोल्ड और छह सिल्वर मेडल जीते, जो उसके युवा प्रोग्राम की मज़बूती को दिखाता है. चंद्रिका भोरेस पुजारी (51किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज़्बेकिस्तान की नाज़ोकत मार्डोनोवा को 5:0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता, जबकि प्राची ने भी इंडोनेशिया की दिरा आर्टिका को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया. अंडर-19 कैटेगरी में भारत के अन्य फाइनलिस्ट ने कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा, जिससे टीम के कुल मेडल टैली में योगदान मिला. अंडर-23 महिला कैटेगरी में भी भारत ने एक गोल्ड, चार सिल्वर और चार ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ शानदार प्रदर्शन किया. निशा (54किग्रा ) ने जापान की कोइन कोकुफू को 5:0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता. इस कैटेगरी में भारत के अन्य गोल्ड मेडलिस्ट ने भी अपना शानदार फ़ॉर्म जारी रखते हुए टॉप स्थान हासिल किया. वहीं, निकिता चंद (60किग्रा), काजल (65किग्रा) और मुस्कान (75किग्रा) ने अपने-अपने फ़ाइनल में कड़ी टक्कर दी, लेकिन उज़्बेकिस्तान की मज़बूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के बाद उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा.

## आईसीसी ने वर्ल्ड कप के नए फॉर्मेट पेश किए

**एडिनबर्ग.** आईसीसी के पुरुषों के बड़े टूर्नामेंट में एकतरफा मुकाबलों का दौर अब बदल सकता है क्योंकि क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप और 2028 टी20 वर्ल्ड कप के लिए नए फॉर्मेट पेश किए हैं, जिससे खिताब तक का रास्ता और मुश्किल और रोमांचक हो जाएगा. इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दोनों इवेंट के स्ट्रक्चर में बदलाव किए हैं, ताकि ज़्यादा अहम मुकाबले हों, उभरती हुई टीमों को ज़्यादा मौके मिलें और यह पक्का किया जा सके कि टीमें पूरे टूर्नामेंट में मज़बूत चुनौतियों का सामना करें. 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए तीन चरणों वाला नया फॉर्मेट और 2028 टी20 वर्ल्ड कप के लिए नए सिरे से तैयार किया गया सुपर 10 चरण लागू होगा.

## आईसीसी ने 1 .28 करोड़ डॉलर का लोन किया मंजूर

**एडिनबर्ग, 15 जुलाई. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा घोषित गवर्नेंस, मेंबरशिप और मेंबर सपोर्ट में बदलावों के तहत क्रिकेट वेस्ट इंडीज़ को आईसीसी से लोन मिलेगा.**

एडिनबर्ग में हुई सालाना बैठकों के बाद, जिनमें पुरुषों के वनडे और टी 20 वर्ल्ड कप फ़ॉर्मेट में बदलाव भी शामिल थे, मेंबर बॉडीज़ से जुड़े कई फ़ैसले लिए गए, जिनमें वेस्ट इंडीज़ क्रिकेट को आर्थिक मदद देना भी शामिल है. क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, मॉरिशस को आईसीसी का 111वां मेंबर बनाया गया है, जिससे इसके 12 फ़ुल मेंबर्स और 98 अन्य एसोसिएट मेंबर्स की संख्या में इज़ाफ़ा हुआ है. इसके अलावा, आईसीसी ने घोषणा की कि क्रिकेट कनाडा के लिए बहाली की शर्तें मंज़ूर कर ली गई हैं; इस बॉडी पर लगे मौजूदा सस्पेंशन को हटाने से पहले इन शर्तों को पूरा करना ज़रूरी है.

वहीं दूसरी ओर, आईसीसी को श्रीलंका क्रिकेट से संशोधित संविधान के बारे में अपडेट मिला है. फ़िलहाल, चुनाव होने तक श्रीलंका क्रिकेट आईसीसी बोर्ड की बैठकों में प्रतिनिधित्व नहीं कर पाएगा. इस बीच, आईसीसी मेंबरशिप क्राइटेरिया का उल्लंघन करने के कारण फ़्रांस क्रिकेट को नोटिस दिया गया है.

एमएमए मुक़ाबला | मलेशियाई आयोजक स्ट्राइक-एमएमए की इन दिनों नींदें हराम

## संग्राम सिंह की पाक फाइटर के साथ भिड़ंत

**कुआलालम्पुर, 15 जुलाई जब भी हिंदुस्तान-पाकिस्तान का किसी भी खेल में मुक़ाबला होता है तो तनाव सिर्फ खिलाड़ियों पर ही नहीं, आयोजकों पर भी खूब देखने को मिलता है.**



पहलवान से एमएमए फाइटर बने संग्राम सिंह और पाकिस्तान के फाइटर मोहम्मद आबिद अली के बीच रविवार, 19 जुलाई को यहां होने वाली एशिया चैम्पियन एमएमए टाइटिल फाइट को लेकर इसके मलेशियाई आयोजक स्ट्राइक-एमएमए की इन दिनों नींदें हराम हो गई हैं. स्ट्राइक-एमएमए के अध्यक्ष इस्माइल मारज़ुकी बिन और सीईओ मोहम्मद हाकिम बिन लुकमान अब्दुल्ला का कहना है कि जितना तनाव इस फाइट को लेकर संग्राम सिंह और आबिद अली को होगा, उससे कहीं ज्यादा तनाव उन्हें है. ये फाइट इस आयोजन पर चार चांद भी लगा सकती है और उन्हें मुश्किलों में भी डाल सकती है. इसके लिए सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है. ये दोनों पिछले दिनों यहां हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी इस फाइट के आयोजन को लेकर तनाव में दिखाई दिए थे. कुआलालंपुर में होने वाले इस आयोजन को लेकर एमएमए प्रेमियों में काफी उत्साह है. टिकटें 50 रिंगित (1200 रुपये) से 1500 रिंगित (करीब 42 हज़ार रुपये) की निर्धारित की गई हैं. टिकटों की बिक्री को लेकर इस्माइल और मोहम्मद हाकिम काफी रोमांचित हैं. यहां गौरतलब है कि मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में तकरीबन एक लाख 60 हज़ार भारतीय रहते हैं.

प्रोफेशनल कुश्ती में दोहरे हैवीवेट चैम्पियन रह चुके संग्राम सिंह मानसिक रूप से ज़्यादा मज़बूत दिखाई दे रहे हैं. उनकी पहली एमएमए फाइट भी पाकिस्तानी फाइटर अली रजा नासिर के खिलाफ थी. गामा इंटरनैशनल फाइटिंग चैम्पियनशिप के अंतर्गत हुई यह फाइट संग्राम सिंह ने महज़ 90 सेकंड में जीतकर सनसनी फैला दी थी. इससे पहले दुबई में एक रेसलिंग बाउट में उन्होंने पाकिस्तान के ही मोहम्मद सईद को 18 मिनट चले मुक़ाबले में शिकस्त दी थी. यह मुक़ाबला दुबई में फरवरी 2024 में आयोजित किया गया था.




## इंडियन वेल्स 2026 डब्ल्यूटीए फाइनल्स की मेजबानी करेगा

**सेंट पीटर्सबर्ग, (फ्लोरिडा).** वूमेंस टेनिस एसोसिएशन ने बुधवार को कहा कि 2026 डब्ल्यूटीए फाइनल्स कैलिफ़ोर्निया के इंडियन वेल्स में स्थित टेनिस गार्डन में आठ से 15 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे. मर्सिडीज-बेंज द्वारा प्रायोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया भर के शीर्ष एकल खिलाड़ी और युगल टीमें हिस्सा लेंगी. डब्ल्यूटीए की अध्यक्ष वैलेरी कैमिलो ने कहा, 'इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन डब्ल्यूटीए फ़ाइनल्स के लिए एक शानदार मंच देता है.

## डुप्लांटिस ने बुडापेस्ट में जीता खिताब

▸ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने से चूके

**बुडापेस्ट, 15 जुलाई ओलंपिक चैंपियन और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर आर्मंड डुप्लांटिस ने मंगलवार को बुडापेस्ट में इस्तवान ग्युलाई मेमोरियल में पुरुषों का पोल वॉल्ट इवेंट जीता. उन्होंने 6.07 मीटर की ऊंचाई पार की, लेकिन 6.32 मीटर पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की कोशिश में मामूली अंतर से चूक गए.**

स्वीडन के इस एथलीट ने 5.80 मीटर से प्रतियोगिता शुरू की और आसानी से 5.90, 6.00 और 6.07 मीटर की ऊंचाई पार कर ली. अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों के बाहर होने के बाद जीत पक्की करते हुए,



डुप्लांटिस ने बार की ऊंचाई 6.32 मीटर कर दी, जो उनके अपने 6.31 मीटर के वर्ल्ड रिकॉर्ड से एक सेंटीमीटर ज़्यादा थी. उनकी तीसरी और आखिरी कोशिश बहुत करीब थी, लेकिन नीचे आते समय वे बार से टकरा गए.

डुप्लांटिस ने कहा, 'मैं सितंबर में 'वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप' के एंबेसडर के तौर पर यहां वापस आऊंगा. मुझे उम्मीद है कि मैं फिर से वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ पाऊंगा. यही हमेशा मेरा मुख्य लक्ष्य होता है.' एक और शानदार प्रदर्शन 20 साल के अमेरिकी हर्डलर जा'कोबे थार्प का रहा, जो पुरुषों की 110-मीटर बाधा दौड़ में नए वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर हैं. थार्प ने फील्ड चैंपियनशिप में 12 .75 सेकंड का समय लेकर 14 साल पुराना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा था. मंगलवार की रेस में उन्होंने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और आखिरी कुछ मीटर में गति थोड़ी कम करते हुए 12 .85 सेकंड में जीत हासिल की.